झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

विवरणिका

विज्ञापन संख्या–04 / 2026

झारखण्ड प्रशिक्षित सहायक आचार्य (पारा कोटि) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा – 2026 (नियमित भर्त्ती)

JTAACCE-2026 (Para Teacher) (Regular Vacancy)

1. कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्र संख्या – 4411, दिनांक–07.07.2026 द्वारा अग्रसारित स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता (माध्यमिक शिक्षा निदेशालय) विभाग के पत्रांक–1118 दिनांक–03.07.2026 द्वारा संसूचित रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति के लिए भारत के नागरिकों से विहित प्रपत्र में ''**झारखण्ड प्रशिक्षित सहायक आचार्य (पारा कोटि) संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा – 2026 (नियमित भर्त्ती)**'' के लिये ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। अभ्यर्थी विवरणिका की विभिन्न कंडिकाओं में विहित शैक्षणिक एवं अन्य योग्यता तथा निर्धारित आयु सीमा के अन्तर्गत आवेदन दे सकते हैं। ऑनलाईन (Online) आवेदन आयोग के वेबसाईट https://jssc.jharkhand.gov.in/ पर लॉगईन (Login) करके समर्पित किया जा सकता है।

2. **परीक्षा शुल्कः–**

(क) परीक्षा शुल्क रू॰ 100/– (सौ रूपये) है।

<u>परीक्षा शुल्क में छूट</u> – झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिये परीक्षा शुल्क रू॰ 50/– (पचास रूपये) है। कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–8559, दिनांक–23.10.2019 के आलोक में झारखण्ड राज्य के 40% अथवा इससे अधिक निःशक्तता वाले दिव्यांग अभ्यर्थियों को परीक्षा शुल्क में छूट अनुमान्य है। झारखण्ड राज्य के स्थानीय निवासी अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति कोटि से इतर कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा रियायती दर पर परीक्षा शुल्क भरे जाने की स्थिति में उनके आवेदन पत्र को रद्द करते हुए उनकी अभ्यर्थिता समाप्त कर दी जा सकती है। बिना परीक्षा शुल्क भुगतान किये आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होंगे और वे रद्द किये जा सकेगें। परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा।

(ख) आरक्षित वर्ग की बैकलॉग रिक्तियों के विरूद्ध विज्ञापन संख्या–05/2026 प्रकाशित किया गया है, जिसमें कुल रिक्ति 1198 है। विज्ञापन संख्या 04/2026 एवं 05/2026 दोनों के लिए अर्हत्ता प्राप्त अभ्यर्थी एक ही आवेदन कर सकेंगे और इस आशय का विकल्प ऑनलाईन आवेदन भरने में उपलब्ध रहेगा। दोनों विज्ञापन के लिए आवेदन करने की स्थिति में एक ही परीक्षा शुल्क देय होगा। यदि कोई अभ्यर्थी सिर्फ एक विज्ञापन के विरूद्ध आवेदन देते हैं तो वैसी स्थिति में उन्हें एक परीक्षा शुल्क ही देना होगा। दोनों विज्ञापन के लिए एक ही परीक्षा आयोजित की जायेगी।

3. रिक्तियों का विवरण :–

(क) इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा–1 से 5) (नियमित रिक्ति)

इण्टर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (पारा कोटि)

जिला का नाम	कोटिवार रिक्ति नियमित						Total	क्षैतिज आरक्षण					क्षैतिज आरक्षण							आंदोलनकारी के आश्रित हेतु (5 प्रतिशत)	आदिम जनजाति (2 प्रतिशत अ. ज.जा. के अन्तर्गत)	खेल कुद कोटा (2 प्रतिशत)
								दिव्यांगजन					महिला									
	UR	ST	SC	EBC-I	BC-II	EWS		दृष्टि निःशक्तता	बहरापन एवं श्रवण निःशक्तता	चलन निःशक्तता	स्पलीनमा एवं बहु निःशक्तता	कुल	UR	ST	SC	EBC-I	BC-II	EWS	कुल			
चतरा	39	7	16	0	0	6	**68**	2	1	1	1	**5**	2	0	1	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
बोकारो	24	6	8	0	0	4	**42**	1	1	1	1	**4**	1	0	0	0	0	0	**1**	**2**	**0**	**0**
देवघर	26	7	7	0	0	4	**44**	1	1	1	1	**4**	1	0	0	0	0	0	**1**	**2**	**0**	**0**
धनबाद	36	7	12	0	0	6	**61**	1	1	1	1	**4**	2	0	1	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
दुमका	70	79	8	0	0	17	**174**	3	3	3	2	**11**	4	4	0	0	0	1	**9**	**8**	**1**	**3**
गिरिडीह	78	23	25	0	0	19	**145**	3	2	2	2	**9**	4	1	1	0	0	1	**7**	**7**	**0**	**2**
गढ़वा	10	4	5	0	0	2	**21**	1	1	1	1	**4**	1	0	0	0	0	0	**1**	**1**	**0**	**0**
पूर्वी सिंहभूम	47	32	4	0	0	9	**92**	2	1	1	1	**5**	2	2	0	0	0	0	**4**	**4**	**0**	**1**
गोड्डा	34	21	6	0	0	6	**67**	2	1	1	1	**5**	2	1	0	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
गुमला	51	59	4	0	0	12	**126**	2	2	2	1	**7**	3	3	0	0	0	1	**7**	**6**	**1**	**2**
हजारीबाग	33	3	16	0	0	5	**57**	1	1	1	1	**4**	2	0	1	0	0	0	**3**	**2**	**0**	**1**
खूंटी	33	36	4	0	0	7	**80**	1	1	1	1	**4**	2	2	0	0	0	0	**4**	**4**	**0**	**1**
जामताड़ा	28	22	6	0	0	6	**62**	1	1	1	1	**4**	1	1	0	0	0	0	**2**	**3**	**0**	**1**
कोडरमा	16	3	6	0	0	2	**27**	1	1	0	0	**2**	1	0	0	0	0	0	**1**	**1**	**0**	**0**
लातेहार	18	14	8	0	0	4	**44**	1	1	1	1	**4**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
लोहरदगा	18	21	1	0	0	4	**44**	1	1	1	0	**3**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
पाकुड़	25	23	3	0	0	5	**56**	1	1	1	1	**4**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**1**
पलामू	25	5	16	0	0	5	**51**	2	2	2	1	**7**	1	0	1	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**1**
रामगढ़	6	4	1	0	0	1	**12**	1	1	0	0	**2**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
रांची	75	50	6	0	0	14	**145**	2	2	1	1	**6**	4	3	0	0	0	1	**8**	**7**	**1**	**2**
साहेबगंज	42	39	5	0	0	9	**95**	2	1	1	1	**5**	2	2	0	0	0	0	**4**	**4**	**0**	**1**
सरायकेला–खरसावाँ	46	43	5	0	0	10	**104**	2	2	1	1	**6**	2	2	0	0	0	1	**5**	**5**	**0**	**2**
सिमडेगा	36	38	6	0	0	8	**88**	1	1	1	1	**4**	2	2	0	0	0	0	**4**	**4**	**0**	**1**
पश्चिम सिंहभूम	82	94	8	0	0	20	**204**	3	3	2	2	**10**	4	5	0	0	0	1	**10**	**10**	**1**	**4**
कुल	**898**	**640**	**186**	**0**	**0**	**185**	**1909**	**38**	**33**	**28**	**24**	**123**	**46**	**31**	**5**	**0**	**0**	**6**	**88**	**87**	**4**	**26**

(ख) स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा–6 से 8) – भाषा ज्ञान (नियमित रिक्ति)

स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य भाषा (पारा कोटि)

जिला का नाम	कोटिवार रिक्ति नियमित						Total	क्षैतिज आरक्षण					क्षैतिज आरक्षण							आंदोलनकारी के आश्रित हेतु (5 प्रतिशत)	आदिम जनजाति (2 प्रतिशत अ. ज.जा. के अन्तर्गत)	खेल कुद कोटा (2 प्रतिशत)
								दिव्यांगजन					महिला									
	UR	ST	SC	EBC-I	BC-II	EWS		दृष्टि निःशक्तता	बहरापन एवं श्रवण निःशक्तता	चलन निःशक्तता	स्वलीनता एवं बहु निःशक्तता	कुल	UR	ST	SC	EBC-I	BC-II	EWS	कुल			
चतरा	46	7	20	1	11	9	**94**	1	1	1	1	**4**	2	0	1	0	1	0	**4**	**4**	**0**	**1**
बोकारो	26	8	10	0	5	5	**54**	1	1	1	0	**3**	1	0	1	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**1**
देवघर	42	12	12	2	11	8	**87**	1	1	1	1	**4**	2	1	1	0	1	0	**5**	**4**	**0**	**1**
धनबाद	35	6	12	2	8	6	**69**	1	1	1	0	**3**	2	0	1	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
दुमका	54	60	6	0	0	13	**133**	2	2	1	1	**6**	3	3	0	0	0	1	**7**	**6**	**1**	**2**
गिरिडीह	77	24	25	10	18	16	**170**	2	2	2	1	**7**	4	1	1	1	1	1	**9**	**8**	**0**	**3**
गढ़वा	30	10	16	0	0	6	**62**	1	1	1	0	**3**	2	1	1	0	0	0	**4**	**3**	**0**	**1**
पूर्वी सिंहभूम	40	25	3	0	6	8	**82**	1	1	1	1	**4**	2	1	0	0	0	0	**3**	**4**	**0**	**1**
गोड्डा	32	20	6	0	5	6	**69**	1	1	1	0	**3**	2	1	0	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
गुमला	35	41	2	0	0	8	**86**	1	1	1	1	**4**	2	2	0	0	0	0	**4**	**4**	**0**	**1**
हजारीबाग	31	2	15	0	5	5	**58**	1	1	1	0	**3**	2	0	1	0	0	0	**3**	**2**	**0**	**1**
खूंटी	18	20	2	0	0	4	**44**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
जामताड़ा	25	20	5	0	0	5	**55**	1	1	1	0	**3**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**1**
कोडरमा	17	2	2	2	4	2	**29**	1	1	0	0	**2**	1	0	0	0	0	0	**1**	**1**	**0**	**0**
लातेहार	25	18	12	0	0	5	**60**	1	1	1	0	**3**	1	1	1	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
लोहरदगा	12	13	1	0	0	2	**28**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**1**	**0**	**0**
पाकुड़	21	22	2	0	0	4	**49**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
पलामू	95	16	60	5	12	20	**208**	3	2	2	2	**9**	5	1	3	0	1	1	**11**	**10**	**0**	**4**
रामगढ़	14	5	3	0	2	2	**26**	1	1	0	0	**2**	1	0	0	0	0	0	**1**	**1**	**0**	**0**
रांची	40	45	5	0	0	10	**100**	1	1	1	1	**4**	2	2	0	0	0	1	**5**	**5**	**0**	**2**
साहेबगंज	30	25	3	0	0	6	**64**	1	1	1	0	**3**	2	1	0	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
सरायकेला–खरसावाँ	40	38	5	0	2	9	**94**	1	1	1	1	**4**	2	2	0	0	0	0	**4**	**4**	**0**	**1**
सिमडेगा	18	19	3	0	0	4	**44**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
पश्चिम सिंहभूम	42	48	3	0	0	10	**103**	2	1	1	1	**5**	2	2	0	0	0	1	**5**	**5**	**0**	**2**
कुल	**845**	**506**	**233**	**22**	**89**	**173**	**1868**	**29**	**27**	**20**	**11**	**87**	**45**	**24**	**11**	**1**	**4**	**5**	**90**	**84**	**1**	**26**

(ग) स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा–6 से 8) – सामाजिक विज्ञान (नियमित रिक्ति)

स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य सामाजिक विज्ञान (पारा कोटि)

जिला का नाम	कोटिवार रिक्ति नियमित						Total	क्षैतिज आरक्षण					क्षैतिज आरक्षण							आंदोलनकारी के आश्रित हेतु (5 प्रतिशत)	आदिम जनजाति (2 प्रतिशत आ.ज.जा. के अन्तर्गत)	खेल कूद कोटा (2 प्रतिशत)
								दिव्यांगजन					महिला									
	UR	ST	SC	EBC-I	BC-II	EWS		दृष्टि निःशक्तता	बहरापन एवं श्रवण निःशक्तता	चलन निःशक्तता	स्वलीनता एवं बहु निःशक्तता	कुल	UR	ST	SC	EBC-I	BC-II	EWS	कुल			
चतरा	7	2	2	0	0	1	**12**	1	1	0	0	**2**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
बोकारो	5	1	1	0	0	0	**7**	1	0	0	0	**1**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
देवघर	9	2	3	0	0	1	**15**	1	0	0	0	**1**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
धनबाद	7	1	2	0	0	0	**10**	1	0	0	0	**1**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
दुमका	26	29	3	0	0	6	**64**	1	1	1	1	**4**	1	1	0	0	0	0	**2**	**3**	**0**	**1**
गिरिडीह	19	6	5	0	0	3	**33**	1	1	1	0	**3**	1	0	0	0	0	0	**1**	**1**	**0**	**0**
गढ़वा	1	0	1	0	0	0	**2**	1	0	0	0	**1**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
पूर्वी सिंहभूम	24	20	1	0	0	4	**49**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
गोड्डा	12	7	2	0	0	2	**23**	1	1	0	0	**2**	1	0	0	0	0	0	**1**	**1**	**0**	**0**
गुमला	19	22	1	0	0	4	**46**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
हजारीबाग	6	1	1	0	0	0	**8**	1	0	0	0	**1**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
खूंटी	10	11	1	0	0	2	**24**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**1**	**0**	**0**
जामताड़ा	17	13	4	0	0	3	**37**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**1**	**0**	**0**
कोडरमा	4	1	1	0	0	0	**6**	1	0	0	0	**1**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
लातेहार	9	8	3	0	0	2	**22**	1	1	0	0	**2**	0	0	0	0	0	0	**0**	**1**	**0**	**0**
लोहरदगा	2	2	0	0	0	0	**4**	1	0	0	0	**1**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
पाकुड़	11	10	1	0	0	2	**24**	1	1	0	0	**2**	1	1	0	0	0	0	**2**	**1**	**0**	**0**
पलामू	24	5	15	0	0	4	**48**	2	1	1	1	**5**	1	0	1	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
रामगढ़	2	1	0	0	0	0	**3**	1	0	0	0	**1**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
रांची	9	7	0	0	0	1	**17**	1	1	0	0	**2**	0	0	0	0	0	0	**0**	**0**	**0**	**0**
साहेबगंज	21	19	3	0	0	4	**47**	1	1	1	0	**3**	1	1	0	0	0	0	**2**	**2**	**0**	**0**
सरायकेला – खरसावाँ	32	28	4	0	0	6	**70**	1	1	1	0	**3**	2	1	0	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
सिमडेगा	16	6	0	0	0	3	**25**	1	0	0	0	**1**	1	0	0	0	0	0	**1**	**1**	**0**	**0**
पश्चिम सिंहभूम	26	30	2	0	0	6	**64**	1	1	1	0	**3**	1	2	0	0	0	0	**3**	**3**	**0**	**1**
कुल	**318**	**232**	**56**	**0**	**0**	**54**	**660**	**25**	**15**	**6**	**2**	**48**	**14**	**10**	**1**	**0**	**0**	**0**	**25**	**24**	**0**	**3**

(घ) स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा–6 से 8) – विज्ञान एवं गणित (नियमित रिक्ति)

स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य गणित एवं विज्ञान (पारा कोटि)																						
जिला का नाम	कोटिवार रिक्ति नियमित						Total	क्षैतिज आरक्षण					क्षैतिज आरक्षण							आंदोलनकारी के आश्रित हेतु (5 प्रतिशत)	आदिम जनजाति (2 प्रतिशत अ.ज.जा. के अन्तर्गत)	खेल कुद कोटा (2 प्रतिशत)
								दिव्यांगजन					महिला									
	UR	ST	SC	EBC-I	BC-II	EWS		दृष्टि नि:शक्तता	बहरापन एवं श्रवण नि:शक्तता	चलन नि:शक्तता	बहु नि:शक्तता	कुल	UR	ST	SC	EBC-I	BC-II	EWS	कुल			
चतरा	40	8	20	8	8	9	93	1	1	1	1	4	2	0	1	0	0	0	3	4	0	1
बोकारो	3	1	1	0	0	0	5	1	0	0	0	1	0	0	0	0	0	0	0	0	0	0
देवघर	22	6	6	6	5	`	45	1	1	1	0	3	1	0	0	0	0	0	1	2	0	1
धनबाद	11	2	4	4	3	2	26	1	1	0	0	2	1	0	0	0	0	0	1	1	0	0
दुमका	48	53	6	0	0	11	118	2	1	1	1	5	2	3	0	0	0	1	6	5	1	2
गिरिडीह	71	24	25	4	10	14	148	2	2	1	1	6	4	1	1	0	1	1	8	7	0	2
गढ़वा	30	10	18	5	2	7	72	1	1	1	0	3	2	1	1	0	0	0	4	3	0	1
पूर्वी सिंहभूम	29	25	4	0	4	6	68	1	1	1	0	3	1	1	0	0	0	0	2	3	1	1
गोड्डा	33	20	6	2	4	7	72	1	1	1	0	3	2	1	0	0	0	0	3	3	0	1
गुमला	41	2	45	0	0	9	97	1	1	1	1	4	2	0	2	0	0	0	4	4	0	1
हजारीबाग	24	2	15	0	5	4	50	1	1	0	0	2	1	0	1	0	0	0	2	2	0	1
खूंटी	21	20	0	0	0	4	45	1	1	0	0	2	1	1	0	0	0	0	2	2	0	0
जामताड़ा	26	22	5	0	0	5	58	1	1	1	0	3	1	1	0	0	0	0	2	2	0	1
कोडरमा	17	3	8	5	2	3	38	1	1	0	0	2	1	0	0	0	0	0	1	1	0	0
लातेहार	30	20	14	0	0	6	70	1	1	1	0	3	2	1	1	0	0	0	4	3	0	1
लोहरदगा	13	15	1	0	0	3	32	1	1	0	0	2	1	1	0	0	0	0	2	1	0	0
पाकुड़	25	22	2	0	1	5	55	1	1	0	0	2	1	1	0	0	0	0	2	2	0	1
पलामू	95	15	60	6	10	20	206	3	2	2	2	9	5	1	3	0	1	1	11	10	0	4
रामगढ़	10	5	3	0	1	2	21	1	0	0	0	1	1	0	0	0	0	0	1	1	0	0
रांची	18	17	2	0	0	4	41	1	1	1	0	3	1	1	0	0	0	0	2	2	0	0
साहेबगंज	27	25	3	0	1	6	62	1	1	1	0	3	1	1	0	0	0	0	2	3	0	1
सरायकेला – खरसावाँ	37	35	5	0	2	8	87	1	1	1	1	4	2	2	0	0	0	0	4	4	0	1
सिमडेगा	20	20	3	0	0	4	47	1	1	0	0	2	1	1	0	0	0	0	2	2	0	0
पश्चिम सिंहभूम	45	50	3	0	0	10	108	2	1	1	1	5	2	3	0	0	0	1	6	5	1	2
कुल	736	422	259	40	58	149	1664	29	24	16	8	77	38	21	10	0	2	4	75	72	3	22

- कोटिवार रिक्तियों की संख्या अधियाची विभाग के अनुरोध के आलोक में संशोधित की जा सकती है।

- **टिप्पणीः** अनुसूचित जन जाति के लिए विज्ञापित रिक्ति में से 2 (दो) प्रतिशत रिक्तियाँ आदिम जन जाति के अभ्यर्थियों के लिए क्षैतिज आरक्षण के तहत अनुमान्य होगी। आदिम जन जाति के योग्य उम्मीदवारों के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में उक्त रिक्ति अनुसूचित जन जाति के अभ्यर्थियों द्वारा भरी जायेगी।

- **टिप्पणीः** विधि (विज्ञान) विभाग, झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या एल॰जी॰–13/2023–21/लेज॰ दिनांक 22.04.2025 के द्वारा प्रावधानित गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के संकल्प संख्या 1938 दिनांक 20.04.2021 की कंडिका–2(vi) के अनुसार झारखण्ड अलग राज्य बनाए जाने हेतु किये गये आंदोलन के आंदोलनकारियों के एक आश्रित के लिए तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के पद पर नियुक्ति हेतु 05 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण देय होगा। जिला अथवा अंचल स्तर से निर्गत आंदोलनकारी एवं आंदोलनकारी के आश्रित से संबंधित वैध प्रमाण पत्र समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा।

4. परीक्षा के लिए आवेदन देने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित हो लें कि वे विज्ञापित पद की पात्रता के विषय पर प्रकाशित सभी शर्त्तों को पूरा करते हैं। परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबन्धिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना प्रमाणित नही करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं क्योंकि आयोग मुख्य परीक्षा के बाद अभ्यर्थियों की पात्रता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की प्रारम्भिक जाँच कर सकता है। **निर्धारित जाँच कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने तथा आवेदन में भरे गये पात्रता सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर आरक्षण का लाभ अनुमान्य नहीं होगा/अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।**

5. कंडिका – 3 में वर्णित पदों का वेतनमान एवं वांछित शैक्षणिक योग्यता निम्नवत् हैः–

क्र॰ सं॰	पदनाम	वेतनमान	वांछित शैक्षणिक योग्यता (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से)
1	2	3	4
1.	**इण्टरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (पारा कोटि) (कक्षा 1 से 5)**	लेवल– 4 25,500/– से 81,100/–	प्राथमिक विद्यालय कक्षा 1 से 5 में इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य की नियुक्ति हेतु जो अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त संस्थान से +2 या उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण हो एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षित हों और निम्नलिखित शर्त्तों को पूरा करते होः– न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको के साथ +2 उत्तीर्ण या उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष तथा प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (चाहे उसे कोई भी नाम दिया गया हो) अथवा न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष एवं प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा (चाहे जिस किसी नाम से जाना जाता हो), जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (मान्यता, मानदण्ड और क्रियाविधि) विनियम, 2002 के अनुसार सत्र 2007–2009 तक प्राप्त किया गया हो। अथवा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ +2 उत्तीर्ण या उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष तथा 4 वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी॰एल॰एड॰) अथवा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ +2 उत्तीर्ण या उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष तथा शिक्षा शास्त्र (विशेष शिक्षा) में द्विवर्षीय डिप्लोमा अथवा स्नातक तथा प्रारंभिक शिक्षा में द्विवर्षीय डिप्लोमा (चाहे जिस किसी नाम से जाना जाता हो) एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 1 से 5 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) में उत्तीर्ण। साथ ही, झारखंड राज्य के वैसे निवासी जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन कक्षा 1 से 5 के लिये आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण अथवा झारखंड के पड़ोसी राज्यों द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हों, को सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया में इस शर्त के साथ शामिल किया जाता है कि नियुक्ति के पश्चात् तीन वर्ष के अंदर एवं पहले उपलब्ध अवसर में शिक्षक पात्रता परीक्षा जेटेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

क्र॰ सं॰	पदनाम	वेतनमान	वांछित शैक्षणिक योग्यता (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से)
1	2	3	4
2.	**स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8)** **गणित एवं विज्ञान शिक्षक (पारा कोटि)** – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, डिग्रियों का विनिर्देशन (Specification of Degrees) के संबंध में जारी अधिसूचना, मार्च, 2014 एवं उसके उपरांत में अधिसूचित विज्ञान/ अभियांत्रिकी/ प्रौद्योगिकी/ कृषि तथा गणित विषय में से किसी एक में न्यूनतम् 03 वर्षीय स्नातक उत्तीर्ण योग्यता धारित करते हों तथा 10+2 या उच्चतर माध्यमिक, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान एवं जीव विज्ञान में से कम से कम दो विषय के साथ उत्तीर्ण हों।	लेवल– 5 29,200/– से 92,300/–	उच्च प्राथमिक (कक्षा 6 से 8 में) स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य की नियुक्ति हेतु जो अभ्यर्थी मान्यता प्राप्त संस्थान से +2 या उच्चतर माध्यमिक अथवा इसके समकक्ष परीक्षा तथा स्नातक या इसके समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण हों एवं मान्यता प्राप्त संस्थान से प्रशिक्षित हों और निम्नलिखित शर्त्तों को पूरा करते हों:– स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) और प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र में द्विवर्षीय डिप्लोमा (चाहे जिस किसी नाम से जाना जाता हो) अथवा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (या इसके समकक्ष) या स्नातकोत्तर एवं शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी.एड.) जो दिनांक 29.07. 2011 से पूर्व स्नातक अथवा समतुल्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में नामांकित नहीं हुए हों, अथवा न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (या इसके समकक्ष) एवं शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी.एड) अथवा समतुल्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम, जो इस संबंध में समय–समय पर जारी किये गये राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् (मान्यता, मानदण्ड तथा क्रियाविधि) विनियमों के अनुसार प्राप्त किया गया हो। जो दिनांक 29.07.2011 से पूर्व स्नातक अथवा समतुल्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में नामांकित हुए हो, अथवा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं 4 वर्षीय प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र में स्नातक (बी.एल.एड.) अथवा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ उच्चतर माध्यमिक (या इसके समकक्ष) एवं 4 वर्षीय बी.ए/बी.एस.सी. एड. (BA, BSC,Ed.) या बी.ए. एड. (BA,Ed.)/बी.एस.सी. एड. (BSC,Ed.) अथवा
3.	**स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8)** **सामाजिक विज्ञान शिक्षक (पारा कोटि)** – विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, डिग्रियों का विनिर्देशन (Specification of Degrees) के संबंध में जारी अधिसूचना, मार्च, 2014 एवं उसके उपरांत में अधिसूचित, कला/ मानविकी/ सामाजिक विज्ञान /वाणिज्य /प्रबंधन विषय में न्यूनतम् 03 वर्षीय स्नातक उत्तीर्ण योग्यता धारित करते हों।		

क्र॰ सं॰	पदनाम	वेतनमान	वांछित शैक्षणिक योग्यता (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से)
1	2	3	4
4.	**स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 6 से 8)** **भाषा शिक्षक (पारा कोटि) –** कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा अधिसूचित भाषा हिन्दी/ अंग्रेजी/उर्दू/ संथाली/ बंगला/ मुण्डारी (मुण्डा)/ हो/ खड़िया/ कुडूख (उरांव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/ पंचपरगनिया/ उड़िया/संस्कृत भाषा में से किसी एक विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान से न्यूनतम तीन वर्षीय स्नातक या स्नातक (प्रतिष्ठा) विषय के रूप में कोई एक विषय के साथ स्नातक उर्त्तीण।		न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक (अथवा इसके समकक्ष) तथा बी.एड. (विशेष शिक्षा) अथवा न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों अथवा उसके समकक्ष ग्रेड के साथ स्नातकोत्तर और 03 वर्षीय एकीकृत बी.एड.–एम.एड. एवं राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन झारखण्ड सरकार द्वारा कक्षा 6 से 8 के लिए आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) में उत्तीर्ण। साथ ही, झारखंड राज्य के वैसे निवासी जो राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद् द्वारा निरूपित मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अधीन कक्षा 6 से 8 के लिये आयोजित केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण एवं झारखंड के पड़ोसी राज्यों द्वारा आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा में उत्तीर्ण हों, को सहायक आचार्य के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया में इस शर्त के साथ शामिल किया जाता है कि नियुक्ति के पश्चात् तीन वर्ष के अंदर एवं पहले उपलब्ध अवसर में शिक्षक पात्रता परीक्षा जेटेट उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा।

वांछित शैक्षणिक योग्यताः–

(i) अभ्यर्थियों को आयोग में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक वांछित शैक्षणिक योग्यता उतीर्ण होना अनिवार्य होगा। अर्थात् शैक्षणिक योग्यता के निर्धारण के लिए Online आवेदन देने की अंतिम तिथि को आधार तिथि (Reference Date) माना जायेगा। यदि कोई अभ्यर्थी इस तिथि तक निर्धारित शैक्षणिक योग्यता नहीं धारित करते हैं तो वे आवेदन भरने के लिए अयोग्य समझे जायेंगे। आवेदन में भरे गए प्रविष्टि से इतर प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

(ii) अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अत्यंत पिछड़ा वर्ग– अनुसूची–1/ पिछड़ा वर्ग– अनुसूची–2 एवं दिव्यांग कोटि के अभ्यर्थियों के लिए निर्धारित शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक योग्यता के न्यूनतम प्राप्तांक में 5 प्रतिशत की छूट दी जायेगी। विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (पी.भी.टी.जी.) के अभ्यर्थियों को न्यूनतम प्राप्तांक में 7 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(iii) **अभ्यर्थी जिस विषय/ विषय समूह से शिक्षा पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण होंगे, उसी विषय/ विषय समूह में राज्य स्तरीय मेधा सूची के आधार पर सहायक आचार्य (पारा कोटि) पद पर नियुक्ति के पात्र होंगे।**

(iv) **अभ्यर्थी अपनी योग्यता के अनुसार एक से अधिक पदों पर नियुक्ति हेतु आवेदन समर्पित कर सकते हैं।**

(v) **जेटेट/अन्य टेट परीक्षा आरक्षित कोटि में उत्तीर्ण करने वाले अभ्यर्थियों का परीक्षाफल मात्र आरक्षित कोटि की रिक्ति के विरूद्ध किया जाएगा।**

(vi) खेलकूद कोटा के अंतर्गत आरक्षण का दावा कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड के संकल्प संख्या–1709, दिनांक–12.09.2007 द्वारा **श्रेणी–'ग'** के पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु निर्धारित निम्न मानक के अनुसार अनुमान्य होगा :–

क्र॰ सं॰	प्रतियोगिता का स्तर	उपलब्धि
1.	भारतीय ओलम्पिक संघ अथवा उससे सम्बद्ध फेडरेशनों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता।	द्वितीय/तृतीय स्थान
2.	झारखण्ड ओलम्पिक संघ अथवा उससे सम्बद्ध संघों द्वारा आयोजित अधिकाधिक राज्य चैम्पियनशीप।	प्रथम स्थान
3.	राष्ट्रीय रिकार्ड स्थापित करने वाले खिलाड़ी	राष्ट्रीय रिकार्ड

नोटः– उपर्युक्त अंकित संकल्प संख्या–1709, दिनांक–12.09.2007 आयोग के वेबसाईट https://jssc.jharkhand.gov.in/ पर उपलब्ध है।

6. **अनुभव :–** विज्ञापन अन्तर्गत सभी पद झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची अंतर्गत कार्यरत सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) के लिए जिनकी सेवा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को न्यूनतम एवं लगातार दो वर्ष की हो गई हो एवं विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को कार्यरत हों, के लिए आरक्षित रहेंगे।

पारा शिक्षकों के लिए अनुभव प्रमाण पत्र तथा स्वच्छता प्रमाण पत्र कक्षा 1 से 5 तक के लिए प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी द्वारा एवं कक्षा 6 से 8 के लिए क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी द्वारा निर्गत किया जाएगा। अनुभव प्रमाण पत्र तथा स्वच्छता प्रमाण पत्र का प्रारूप परिशिष्ट **XV** एवं परिशिष्ट **XVI** में धारित है।

7. पारा अभ्यर्थियों के लिए उम्र की गणना 01.08.2026 के आधार पर किया जाएगा। विस्तृत विवरणी निम्नवत् हैः–

(क) न्यूनतम उम्र सीमा – 21 वर्ष (दिनांक 01.08.2026 के आधार पर)

(ख) अधिकतम उम्र सीमा –

(i)	अनारक्षित एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	–	35 वर्ष।
(ii)	अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–1) एवं पिछड़ा वर्ग अनुसूची–2 (पुरूष)	–	37 वर्ष।
(iii)	महिला [अनारक्षित, आ॰क॰व॰, अ॰पि॰व॰ (अनु॰–1) एवं पि॰व॰ (अनु॰–2))]	–	38 वर्ष।
(iv)	अनुसूचित जाति (पुरूष एवं महिला)	–	40 वर्ष।
(v)	अनुसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला)	–	40 वर्ष।

(ग) सभी कोटि के निःशक्त अभ्यर्थियों को अधिकतम आयु सीमा में 10 (दस) वर्षों की अतिरिक्त छूट दी जायेगी। निःशक्तता संबंधी प्रमाण–पत्र राज्य सरकार द्वारा गठित सक्षम चिकित्सा पर्षद से विहित प्रपत्र **(परिशिष्ट– X)** में निर्गत होना चाहिए। सभी श्रेणियों में निःशक्ततों का दावा तभी मान्य होगा जब निःशक्तता कम से कम 40% (चालीस प्रतिशत) अथवा उससे अधिक हो।

(i) विहित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र तथा सक्षम प्राधिकार से भिन्न प्राधिकार द्वारा निर्गत होने की स्थिति में निःशक्तता प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

(ii) आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि के पश्चात् निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र मान्य नहीं होंगे।

(घ) आयोग द्वारा प्रमाण पत्रों की जाँच के क्रम में आवेदन प्रपत्र में अंकित निःशक्तता संबंधी दावे के अनुरूप निःशक्तता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराए जाने की स्थिति में अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता सामान्यतः मान्य करने पर आयोग विचार करेगा।

(ङ) भूतपूर्व सैनिकों को अधिकतम आयु सीमा में पाँच वर्षों की अतिरिक्त छूट दी जायेगी। भूतपूर्व सैनिक होने से संबंधित प्रमाण–पत्र यथासमय आयोग द्वारा माँग की जायेगी जिसे प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(च) झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के अंतर्गत कार्यरत सहायक अध्यापक (पारा शिक्षक) जिनकी सेवा विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को न्यूनतम एवं लगातार दो वर्ष की हो गई हो एवं विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को कार्यरत हो, को संविदा कर्मी के रूप में कार्य करने की अवधि के बराबर अवधि तक अधिकतम उम्र सीमा में छूट दी जायेगी, जो कि अधिकतम उम्र 58 वर्ष तक मान्य होगा।

8. निःशक्त अभ्यर्थियों के लिए सुविधा

इस श्रेणी के उम्मीदवारों को उनके अनुरोध पर स्क्राईब की सुविधा निम्न शर्तों के अधीन दी जायेगीः–

(i) 40% (चालीस) प्रतिशत अथवा इससे अधिक निःशक्तता वाले अंधापन एवं कम दृष्टि, चलन निःशक्तता (दोनों हाथ प्रभावित) तथा सेरेब्रल पाल्सी की कोटि के अभ्यर्थियों को ही उनके अनुरोध पर स्क्राइब की सुविधा एवं परीक्षा में उत्तर देने के लिए 20 मिनट प्रति घंटा की दर से अतिरिक्त समय प्रदान किया जायेगा। इसके अतिरिक्त निःशक्त कोटि के अन्य अभ्यर्थियों द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन द्वारा लिखने में शारीरिक अक्षमता संबंधी प्रमाण पत्र **विहित प्रपत्र (परिशिष्ट– XI)** उपलब्ध कराये जाने की स्थिति में स्क्राइब की सुविधा प्रदान की जाएगी।

(ii) वैसे निःशक्त अभ्यर्थियों को ही श्रुतलेखक/स्क्राइब की सुविधा मिलेगी जिनके प्रवेश पत्र (Admit Card) में Category के समक्ष आरक्षण वर्ग के पश्चात् PH मुद्रित हो।

(iii) उपर्युक्त कंडिका–(i) में उल्लेखित निःशक्त अभ्यर्थियों द्वारा श्रुतलेखक/स्क्राइब की सुविधा संबंधी अनुरोध पत्र आयोग कार्यालय में परीक्षा की तिथि से कम से कम 15 दिन पहले समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा।

(iv) उपर्युक्त कंडिकाओं में अंकित अनुदेशों का पालन नहीं करने पर आयोग द्वारा श्रुतलेखक/स्क्राइब की सुविधा उपलब्ध नहीं करायी जायगी, जिसके लिए सम्बन्धित अभ्यर्थी स्वयं ही उतरदायी होंगे।

9. **I.** परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबन्धिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना प्रमाणित नहीं करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर नियुक्ति के लिए चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं क्योंकि आयोग परीक्षा के बाद किसी भी समय अभ्यर्थियों की पात्रता से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों की जाँच कर सकता है। निर्धारित जाँच कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने अथवा आवेदन में भरे गये पात्रता सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने अथवा निर्धारित अवधि अंतर्गत नहीं होने पर आरक्षण/अन्य लाभ अनुमान्य नहीं होगा एवं अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।

II. परीक्षा के लिए आवेदन देने के पूर्व अभ्यर्थी यह पूर्णतः सुनिश्चित हो लें कि वे विज्ञापित पद की शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक अर्हत्ता, न्यूनतम/अधिकतम आयु सीमा, आरक्षण की कोटि

इत्यादि से सम्बन्धी पात्रता के विषय पर विवरणिका की कंडिका–5, 6, 7 एवं 8 में विहित सभी शर्त्तों को पूरा करते हैं।

10. आरक्षण :

आवेदन में नियत प्रविष्टि के अधीन इंगित आरक्षण का दावा नहीं करने पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा।

11. (I) आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों हेतु स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र

(क) आरक्षण का दावा करने वाले सभी वर्ग के अभ्यर्थियों को कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–4650, दिनांक–02.06.2016 द्वारा निर्धारित प्रपत्र में अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से दिनांक–02.06.2016 तथा इसके पश्चात् निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र मान्य होगा जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–VIII** पर धारित है।

अथवा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक–5752 दिनांक 19.07.2019 द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 19.07.2019 को अथवा उसके पश्चात् अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत स्थानीय निवास प्रमाण पत्र मान्य होगा। जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–IX** पर धारित है।

(ख) 19.07.2019 के पूर्व अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

(ग) दिनांक–02.06.2016 के पूर्व किसी भी स्तर से निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

(घ) परिशिष्ट में अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र एवं आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि के पश्चात् निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

(ङ) मुख्य परीक्षा के उपरांत अल्पसूचीबद्ध अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के जाँच कार्यक्रम के समय आवेदन पत्र में किये गये दावे के समर्थन में अभ्यर्थियों द्वारा वैध स्थानीय निवासी प्रमाण–पत्र समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा।

(च) पिता/ पति के आधार पर निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र मान्य होंगे। पति के आधार पर निर्गत स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्रों में अभ्यर्थी का नाम भिन्न होने पर प्रमाण पत्रों की जाँच के दौरान इस सम्बन्ध में शपथ पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा।

11. (II) <u>जाति प्रमाण पत्र</u>–

(क) झारखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सन्दर्भ में जिला/अनुमण्डल के उपायुक्त/ अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–I** पर धारित है।

अथवा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 1754 दिनांक 25.02.2019 द्वारा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 25.02.2019 को अथवा उसके पश्चात् अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–II** पर धारित है।

अथवा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 2669 दिनांक 10.05.2023 द्वारा यथा संशोधित मानक प्रपत्र में दिनांक 10.05.2023 को अथवा उसके पश्चात् अंचलाधिकारी से अन्यून के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट– III** पर धारित है।

(ख) झारखण्ड राज्य के अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-I) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-II) के सन्दर्भ में दिनांक 29.08.2012 को अथवा इसके पश्चात् उपायुक्त अथवा अनुमण्डल पदाधिकारी के स्तर से निर्गत गैर क्रिमी लेयर जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–IV** पर धारित है। किन्तु जाति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त होने की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थियों का कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 1754 दिनांक 25.02.2019 के अधीन प्रपत्र 15 में गैर क्रिमी लेयर स्वघोषणा पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–V** पर धारित है।

अथवा

कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक 1754 दिनांक 25. 02.2019 के आलोक में दिनांक 25.02.2019 को अथवा उसके पश्चात् अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र जिसका मानक प्रपत्र **परिशिष्ट–VI** पर धारित है।

(ग) आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के अध्यधीन आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ''आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र'' प्रस्तुत कर प्राप्त किया जा सकेगा। आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के सदस्य के रूप में अभ्यर्थी के दावे के प्रमाण स्वरूप, विहित प्रपत्र **(परिशिष्ट–VII)** में उपायुक्त/अनुमण्डल पदाधिकारी/अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र मान्य होगा।

(घ) दिनांक 25.02.2019 के पूर्व अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत अथवा परिशिष्ट में अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में अंचलाधिकारी के स्तर से निर्गत जाति प्रमाण पत्र/ आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र मान्य नहीं है।

(ङ) परिशिष्ट में अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र एवं आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि के पश्चात् निर्गत जाति प्रमाण पत्र/आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र मान्य नहीं होगा।

(च) मुख्य परीक्षा के उपरांत अल्पसूचीबद्ध अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों के जाँच कार्यक्रम के समय आवेदन पत्र में किये गये दावे के समर्थन में अभ्यर्थियों द्वारा वैध जाति प्रमाण पत्र/आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र समर्पित किया जाना अनिवार्य होगा।

(छ) अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-I) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-II) के संबंध में केन्द्र सरकार में नियुक्ति हेतु केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित विहित प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) मान्य नहीं होगा।

(ज) शैक्षणिक कार्यों/सेना में भर्ती लिए निर्गत जाति प्रमाण पत्र/आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र आरक्षण कोटि निर्धारण के लिए अनुमान्य नहीं होगा।

(झ) पिता के आधार पर निर्गत जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे।

(ञ) कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड ,राँची के पत्रांक–235, दिनांक–10.01.2019 के आलोक में झारखण्ड राज्य में विवाह के आधार पर आव्रजित महिलाओं को आरक्षण का लाभ अनुमान्य नहीं होगा।

(ट) अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-I), पिछड़ा वर्ग (अनुसूची-II) एवं आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग के अभ्यर्थी जो आरक्षण का दावा करते हैं, उनके द्वारा विवरणिका में निर्धारित विहित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में निर्गत जाति प्रमाण पत्र/आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र/स्व घोषणा समर्पित करने पर उनकी अभ्यर्थिता अनारक्षित कोटि के रिक्ति तक अनुमान्यता के सापेक्ष सीमित कर दी जाएगी। ऐसी परिस्थिति में उक्त कोटि के अभ्यर्थी की अभ्यर्थिता अनारक्षित कोटि के लिए निर्धारित शर्तों के अधीन ही होगी। उक्त स्थिति में अभ्यर्थी को अनारक्षित कोटि के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क आयोग के निदेश पर अनिवार्यतः जमा करना होगा।

नोटः–

(I) सक्षम स्तर से भिन्न स्तर एवं विवरणिका के **परिशिष्ट–I से परिशिष्ट– IX**, पर **अंकित प्रपत्र से भिन्न प्रपत्र में निर्गत जाति/आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र/स्थानीय निवास प्रमाण पत्र सामान्यतः मान्य नहीं होगा तथा ऐसे प्रमाण पत्रों के आधार पर भरे गये आवेदन पत्र नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर रद्द किये जा सकते हैं, जिसके लिए संबंधित आवेदक स्वयं उतरदायी होगे।**

(II) अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I) एवं पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) के अभ्यर्थी द्वारा वैधता समाप्त जाति प्रमाण पत्र समर्पित करने की स्थिति में विवरणिका में अंकित गैर क्रिमी लेयर स्वघोषणा पत्र समर्पित करना अनिवार्य होगा। वांछित घोषणा पत्र समर्पित नहीं करने पर आयोग द्वारा उक्त प्रमाण–पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।

(III) स्थानीय निवासी/जाति प्रमाण पत्र/आय एवं सम्पत्ति प्रमाण–पत्र में अंकित आवदेक/आवेदक के पिता/पति के नाम एवं नाम की वर्त्तनी (Spelling)

मैट्रिक/10वीं के सर्टिफिकेट/अंक पत्र में दर्ज वर्त्तनी (Spelling) से भिन्न नहीं होना चाहिए, अन्यथा ऐसे प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगे।

(IV) विज्ञापन प्रकाशन की तिथि को झारखण्ड सरकार द्वारा लागू आरक्षण सम्बन्धी सभी नियम प्रभावी होंगे। आरक्षण का दावा करने वाले अभ्यर्थियों को आनलाईन आवेदन में प्रविष्ट किए गए प्रमाण–पत्र को जाँच के अवसर पर समर्पित करना अनिवार्य होगा। **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के उपरान्त निर्गत प्रमाण पत्र (जाति, स्थानीय एवं अन्य प्रमाण पत्र) मान्य नहीं होंगे।**

12. **ऑनलाईन (Online) आवेदन को भरने के लिए महत्वपूर्ण दिशा निर्देशः–**

(i) आवेदन पत्र को भरने के पूर्व अभ्यर्थी विज्ञापन एवं विवरणिका को डाउनलोड कर लें तथा विवरणिका की शर्त्तों के अनुसार आवेदन पत्र में सूचना अंकित करें।

(क) विवरणिका को ध्यानपूर्वक पढ़कर आवेदन भरने के पूर्व अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर लें कि जो प्रमाण पत्र आवेदन हेतु आवश्यक हैं वह उनके पास उपलब्ध हैं।

(ख) आवेदन भरने के पूर्व अपने फोटो एवं पूर्ण हस्ताक्षर की Scanned प्रति भी अपने साथ रखें।

(ग) सभी प्रमाण पत्रों को ध्यानपूर्वक देख लें कि इन सभी में उनका नाम, पिता का नाम एवं अन्य विवरण सही है अन्यथा आवेदन भरने के पूर्व उसे ठीक करा लें।

(ii) आवेदक अपने नाम की वर्त्तनी (spelling) वही लिखेंगे जो मैट्रिक/10वीं के सर्टिफिकेट/अंक पत्र में अंकित है। मैट्रिक/10वीं के सर्टिफिकेट/अंक पत्र में अंकित नाम और आवेदन पत्र में भरे गये नाम की वर्त्तनी (Spelling) में अंतर नहीं होना चाहिये। आवेदन में नाम से संबंधित सूचना में नाम के आगे श्री/मिस्टर/श्रीमान् आदि शब्दों का व्यवहार नहीं किया जाय।

(iii) आवेदक अपने आवेदन पत्र के यथा निर्धारित स्थान पर वही जन्म तिथि यथा– तिथि, महीना और वर्ष दर्ज करेंगे जो उनके मैट्रिक सर्टिफिकेट/अंक पत्र में अंकित है।

13. Online आवेदन पत्र को भरना एवं समर्पित (Submit) करनाः–

ऑनलाईन आवेदन को भरने के लिए दिए गये दिशा निर्देश का अक्षरशः पालन करें। आवेदन पत्र में दी गई सूचनाओं से संबंधित सभी प्रमाण पत्र सामने रखें एवं पूर्ण संतुष्ट होने के पश्चात ही आवेदन पत्र को जमा (Submit) करें।

i) आवेदन पत्र भरने के लिए सर्वप्रथम आयोग के वेवसाईट https://jssc.jharkhand.gov.in/ पर जाएँ एवं Online Application for **JTAACCE-2026 (Para Teacher)** को Click करें तत्पश्चात अपना पंजीकरण (Registration) करें।

ii) पंजीकरण प्रक्रिया पूर्ण होते ही आपके मोबाईल फोन एवं ईमेल पर पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड आ जायेगा। पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड को नोटकर सुरक्षित रखें क्योंकि भविष्य में लॉगईन करने के लिए इन दोनों की आवश्यकता होगी।

iii) पंजीकरण संख्या एवं पासवर्ड प्राप्त होते ही पुनः लॉग–ईन कर अपने बारे में विस्तृत सूचना अंकित करें । आवेदन के प्रत्येक पृष्ठ को Save and Continue करने के पश्चात् अगले पृष्ठ की सूचना भरा जाना आवश्यक है। जिस तिथि को आप यह कार्य पूरा कर लेते हैं उसकी अगली तिथि को 12:00 बजे मध्याह्न के पश्चात् पुनः लॉगईन करें एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान कर दें।

iv) परीक्षा शुल्क भुगतान करने के एक दिन के बाद पुनः लॉगईन कर परीक्षा शुल्क भुगतान का विवरण तथा अपना स्कैन किया हुआ (Scanned) फोटो एवं पूर्ण हस्ताक्षर अपलोड कर दें। यदि आप अपने अपलोड किये गये फोटो एवं हस्ताक्षर से संतुष्ट हैं तो आवेदन पत्र को समर्पित (Submit) कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट ले लें तथा इसे भविष्य के लिए अपने पास सुरक्षित रखें।

v) आवेदन पत्र समर्पित करने के पूर्व यह अवश्य देख लें कि दी गई जानकारी सत्य है अन्यथा गलत घोषणा पत्र देने हेतु अभ्यर्थिता रद्द करने एवं अन्य कार्रवाई करने पर आयोग निर्णय लेगा।

vi) ऑनलाईन आवेदन में दर्ज सूचनाओं से सम्बन्धित प्रमाण पत्रों के मूल प्रति की जाँच प्रमाण पत्र जाँच कार्यक्रम में की जायेगी। इस अवसर पर सभी प्रमाण पत्रों के साथ अभ्यर्थी की उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसका अनुपालन नहीं होने की स्थिति में आवेदक की अभ्यर्थिता रद्द समझी जायेगी। ऑनलाईन आवेदन में किये गये दावे के समर्थन में वांछित प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराये जाने की स्थिति में आरक्षण/अन्य लाभ देय नहीं होगा/अभ्यर्थिता रद्द समझी जाएगी।

vii) एक अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक ऑनलाईन आवेदन समर्पित किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी द्वारा अद्यतन अंतिम समर्पित किये गये आवेदन को वैध माना जायेगा तथा पूर्व में समर्पित सभी आवेदनों को रद्द कर दिया जायेगा तथा सम्बन्धित रद्द आवेदनों का परीक्षा शुल्क अप्रतिदेय होगा।

14. आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने की विभिन्न तिथियाँ :–

क) रजिस्ट्रेशन करने तथा सूचना दर्ज करने हेतु दिनांक– 31.07.2026 से दिनांक– 30.08.2026 की मध्य रात्रि तक।

ख) परीक्षा शुल्क भुगतान करने के लिए दिनांक– 01.09.2026 की मध्य रात्रि तक।

ग) फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने तथा आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए दिनांक– 03.09.2026 की मध्य रात्रि तक।

घ) दिनांक– 05.09.2026 से दिनांक– 07.09.2026 के मध्य रात्रि तक ऑनलाईन आवेदन पत्र में की गई किसी भी अशुद्ध प्रवष्टि को संशोधित करने के लिए पुनः खोली जायेगी जिसके माध्यम से वैध अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र की अशुद्धियाँ संशोधित कर सकेंगे। छूट सहित परीक्षा शुल्क भुगतान करने की स्थिति में शुद्धिकरण का दावा परीक्षा शुल्क भुगतान की राशि तक सीमित होगा।

15. आवेदन की प्रविष्टियों में संशोधनः–

दिनांक– 05.09.2026 से दिनांक– 07.09.2026 के मध्य रात्रि तक ऑनलाईन आवेदन पत्र में अभ्यर्थी का नाम, जन्म तिथि, ई–मेल आई॰डी॰ एवं मोबाईल संख्या को छोड़कर किसी भी अशुद्ध प्रवष्टि को संशोधित करने के लिए पुनः लिंक उपलब्ध करायी जायेगी। उपलब्ध लिंक के माध्यम से वैध अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन पत्र की अशुद्धियाँ संशोधित कर सकेंगे। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कोटि के अभ्यर्थियों द्वारा यदि अपने आरक्षण कोटि को अनारक्षित, अत्यंत पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–I), पिछड़ा वर्ग (अनुसूची–II) एवं आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों के वर्ग कोटि में संशोधित किया जाता है तो ऐसी परिस्थिति में उक्त अभ्यर्थी को संशोधित कोटि के लिए अनुमान्य परीक्षा शुल्क की अन्तर राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा। साथ ही क्षैतिज आरक्षण अंतर्गत द्विव्यांग अभ्यर्थी द्वारा स्वयं को द्विव्यांग श्रेणी से अलग कर दिए जाने की अवस्था में भी उक्त अभ्यर्थी को संशोधित कोटि के लिए अनुमान्य परीक्षा शुल्क की अन्तर राशि का भुगतान करना आवश्यक होगा। संशोधन के उपरांत पुनः भुगतान हेतु सूचना अलग से उपलब्ध करायी जायेगी। संशोधन के उपरांत अंतर राशि का भुगतान नहीं करने पर आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे। संशोधन की तिथि के पश्चात् किसी भी प्रविष्टि में सुधार का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा और भरे गये आवेदन के आधार पर ही आवेदक के सन्दर्भ में परीक्षा प्रक्रिया पूरी होगी।

16. परीक्षा शुल्क भुगतान करने की प्रक्रियाः–

परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए Submit To Proceed Payment Click करें। एक नया पेज खुल जायेगा जिसमें Term & Condition को टिक (√) कर Proceed बटन दबाकर आगे बढ़ें। इसके बाद Select Payment category के सामने **JTAACCE -2026 (Para Teacher)** Select करें तथा अपना Registration Number डालकर अपना परीक्षा शुल्क का भुगतान करें।

17. परीक्षा का स्वरूप :–

आयोग द्वारा ओ॰एम॰आर॰/कम्प्यूटर आधारित परीक्षा **(CBT)** ली जायेगी, यदि किसी विषय की परीक्षा यदि विभिन्न समूहों में लिया जाता है तो अभ्यर्थियों के प्राप्तांक का Normalisation आयोग के वेबसाईट https://jssc.jharkhand.gov.in/ पर प्रकाशित फॉर्मूला के अनुसार किया जायेगा तथा अभ्यर्थियों की मेधा सूची उनके प्राप्तांक के Normalised अंक के आधार पर तैयार किया जायेगा तथा उन्हें Normalised अंक ही दिया जायेगा।

परीक्षा का स्वरूप एवं पाठ्यक्रम :–

(क) परीक्षा एक चरण (मुख्य परीक्षा) में ली जायेगी।

(ख) परीक्षा में सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ एवं बहुविकल्पीय उत्तर युक्त होंगे। गलत उत्तर के लिए अंको की कटौती नहीं की जायेगी।

18. मुख्य परीक्षा के विषय एवं पाठ्यक्रम :–

(क) इण्टरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्य (पारा कोटि) के लिए मुख्य परीक्षा का विषय एवं पाठ्यक्रमः– मुख्य परीक्षा के अंतर्गत 03 पत्र होंगे। यह परीक्षा तीन पालियों में ली जायेगी। सभी पत्रों के प्रश्नों के कठिनाई का स्तर +2/इण्टर स्तरीय होगा। परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् होगा :–

पत्र	विषय	प्रश्न	पूर्णांक	परीक्षा की अवधि
पत्र–1	माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप मातृभाषा यथा हिन्दी/अंग्रेजी/उर्दू/संथाली/बंगला/मुण्डारी (मुण्डा)/हो/ खड़िया/ कुडूख (उरांव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/पंचपरगनिया/उड़िया/संस्कृत में से कोई एक भाषा **(अर्हक प्रवृति)**	100	100	2:00 घंटे
पत्र–2	कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा अधिसूचित भाषा – हिन्दी/ अंग्रेजी/ उर्दू/ संथाली/ बंगला/ मुण्डारी (मुण्डा)/ हो/ खड़िया/ कुडूख (उरांव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/ पंचपरगनिया/ उड़िया/ संस्कृत में से कोई एक भाषा	100	100	2:00 घंटे
पत्र–3	(i) सामान्य ज्ञान एवं समसामयिकी–	50	50	3:00 घंटे
	(ii) सामाजिक विज्ञान–	75	75	
	(iii) विज्ञान एवं गणित–	75	75	
कुल		300+ 100 **(अर्हक प्रवृति)**	300+ 100 **(अर्हक प्रवृति)**	

नोटः– पत्र–1 सभी कोटि के अभ्यर्थियों को माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप मातृभाषा विषय में प्राप्त अंक मात्र अर्हक (Qualifying) होगा। इस पत्र में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा इस पत्र में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक अर्जित करने के उपरांत ही उनके अन्य पत्रों की जाँच की जायेगी। इसका प्राप्तांक मेघा सूची के निर्माण हेतु नहीं जोड़ा जायेगा।

पाठ्यक्रम :–

क) पत्र–1 के अन्तर्गत माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप मातृभाषा झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पूछे जायेंगे।

ख) पत्र–2 का पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–XII** पर धारित है।

ग) पत्र–3 के खण्ड (i) में अंकित विषय का पाठ्यक्रम 18 (घ) (i से vi) तथा पत्र–3 के खण्ड (ii) एवं (iii) में अंकित विषय के अन्तर्गत झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा कक्षा 1 से 12 के लिए अनुमोदित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसके कठिनाई का स्तर +2/इण्टरमीडिएट होगा।

घ) **सामान्य ज्ञान एवं समसामयिकी** :–

(i) सामान्य अध्ययनः–

इसमें प्रश्नों का उद्देश्य अभ्यर्थी की सामान्य जानकारी तथा समाज में उनके अनुप्रयोग के सम्बन्ध में उसकी योग्यता की जाँच करना होगा। वर्तमान घटनाओं और दिन–प्रतिदिन की घटनाओं के सूक्ष्म अवलोकन तथा उनके प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण जैसे मामलों की जानकारी जिसे कि किसी भी शिक्षित व्यक्ति से अपेक्षा की जातीी है। इसमें झारखण्ड, भारत और पड़ोसी देशों के संबंध में विशेष रूप से यथा संभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं। सम–सामयिक विषय, वैज्ञानिक प्रगति, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार, भारतीय भाषाएँ, पुस्तक, लिपि, राजधानी, मुद्रा, खेल–खिलाड़ी, महत्त्वपूर्ण घटनाएँ। भारत का इतिहास, संस्कृति, भूगोल, पर्यावरण, आर्थिक परिदृश्य, स्वतंत्रता आंदोलन, भारतीय कृषि तथा प्राकृतिक संसाधनों की प्रमुख विशेषताएँ एवं भारत का संविधान एवं राज्य व्यवस्था, देश की राजनीतिक प्रणाली, पंचायती राज, सामुदायिक विकास, पंचवर्षिय योजना।

झारखण्ड राज्य की भौगोलिक स्थिति एवं राजनीतिक स्थिति की सामान्य जानकारी।

(ii) सामान्य विज्ञानः–

सामान्य विज्ञान के प्रश्न में दिन–प्रतिदिन के अवलोकन एवं अनुभव पर आधारित विज्ञान की सामान्य समझ एवं परिबोध से संबंधित प्रश्न रहेंगे। जैसा

कि एक सुशिक्षित व्यक्ति से जिसने किसी विज्ञान विषय का विशेष अध्ययन नहीं किया हो, अपेक्षित है।

(iii) सामान्य गणितः–

इस विषय में सामान्यतः अंक गणित, प्राथमिक बीजगणित ज्यामिति, सामान्य त्रिकोणमिति, क्षेत्रमिति से संबंधित प्रश्न रहेंगे। सामान्यतः इसमें मैट्रिक/10वीं कक्षा स्तर के प्रश्न रहेंगे।

(iv) मानसिक क्षमता जाँचः–

इसमें शाब्दिक एवं गैर शाब्दिक दोनो प्रकार के प्रश्न रहेंगे। इस घटक में निम्न से संबंधित यथासंभव प्रश्न पूछे जा सकते हैं –सादृश्य, समानता एवं भिन्नता, स्थान कल्पना, समस्या समाधान, विश्लेषण, दृश्य स्मृति, विभेद, अवलोकन, संबंध अवधारणा, अंक गणितीय तर्कशक्ति, अंक गणितीय संख्या श्रृंखला एवं कूट लेखन तथा कूट व्याख्या इत्यादि।

(v) कम्प्यूटर का मूलभूत ज्ञानः–

इसमें कम्प्यूटर के विभिन्न उपकरणों, एम॰एस॰ विन्डो ऑपरेटिंग सिस्टम, एम॰एस॰ ऑफिस एवं इंटरनेट संचालन की विधि की जानकारी से संबंधित प्रश्न पूछे जा सकते हैं।

(vi) झारखण्ड राज्य से संबंधित ज्ञानः–

झारखण्ड राज्य के भूगोल, इतिहास, सभ्यता, संस्कृति, भाषा–साहित्य, स्थान, खान खनिज, उद्योग, राष्ट्रीय आंदोलन में झारखण्ड का योगदान, विकास योजनाएँ, खेल–खिलाड़ी, व्यक्तित्त्व, नागरिक उपलब्धियाँ, राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व के विषय इत्यादि।

ङ) **सामाजिक विज्ञान** – झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा कक्षा 1 से 12 के लिए अनुमोदित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसके कठिनाई का स्तर +2/इण्टरमीडिएट होगा।

च) **विज्ञान एवं गणित –** झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा कक्षा 1 से 12 के लिए अनुमोदित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसके कठिनाई का स्तर +2/इण्टरमीडिएट होगा।

18. **(ख) स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (पारा कोटि)** के लिए मुख्य परीक्षा का विषय एवं पाठ्यक्रमः– मुख्य परीक्षा के अंतर्गत 04 पत्र होंगे। यह परीक्षा चार पालियों में ली जायेगी। सभी पत्रों के प्रश्नों के कठिनाई का स्तर स्नातक स्तरीय होगा। परीक्षा का स्वरूप निम्नवत् होगा :–

पत्र	विषय	प्रश्न	पूर्णांक	परीक्षा की अवधि
पत्र–1	माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप मातृभाषा यथा हिन्दी/अंग्रेजी/उर्दू/संथाली/बंगला/मुण्डारी (मुण्डा)/हो/ खड़िया/ कुडूख (उरांव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/ पंचपरगनिया/ उड़िया/ संस्कृत में से कोई एक भाषा **(अर्हक प्रवृति)**	100	100	2:00 घंटे
पत्र–2	कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा अधिसूचित भाषा – हिन्दी/ अंग्रेजी/ उर्दू/ संथाली/ बंगला/ मुण्डारी (मुण्डा)/ हो/ खड़िया/ कुडूख (उरांव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/ पंचपरगनिया/ उड़िया/ संस्कृत में से कोई एक भाषा।	100	100	2:00 घंटे
पत्र–3	सामान्य ज्ञान एवं समसामयिकी–	100	100	2:00 घंटे
पत्र–4	वैकल्पिक विषय (कोई एक)–			
(I)	गणित एवं विज्ञान शिक्षक–(i) गणित (ii) भौतिकी (iii) रसायनशास्त्र (iv) वनस्पति विज्ञान तथा (v) प्राणी विज्ञान में से प्रश्न पूछा जायेगा। इसमें प्रश्न पत्र पाँच खण्डों में विभक्त होगा (अभ्यर्थी किसी तीन खण्ड से ही उत्तर दे सकेंगे) **नोटः–उक्त विषय में 33 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। उसके उपरांत ही सभी विषयों के प्राप्तांक के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी।**	180	180	3:00 घंटे
(II)	सामाजिक विज्ञान शिक्षक–(i) इतिहास (ii) भूगोल (iii) राजनीति विज्ञान (iv) अर्थशास्त्र (v) समाज शास्त्र (vi) लेखा शास्त्र (vii) व्यापार अध्ययन (Business Studies) में से प्रश्न पूछा जायेगा। इसमें प्रश्न पत्र सात खण्डों में विभक्त होगा जिसमें किसी तीन खण्डों को ही उत्तर देना होगा। **नोटः– उक्त विषय में 33 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। उसके उपरांत ही सभी विषयों के प्राप्तांक के**	180	180	

पत्र	विषय	प्रश्न	पूर्णांक	परीक्षा की अवधि
	आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी।			
(III)	भाषा शिक्षक– कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा अधिसूचित भाषा –हिन्दी/अंग्रेजी/उर्दू/संथाली/बंगला/मुण्डारी (मुण्डा)/ हो/ खड़िया/ कुडूख (उरांव)/ कुरमाली/ खोरठा/ नागपुरी/ पंचपरगनिया/उड़िया/संस्कृत में से कोई एक भाषा में से सम्मिलित रूप में प्रश्न पूछा जाएगा, जिसमें 50% प्रश्न अंग्रेजी से एवं 50% प्रश्न उपरोक्त अधिसूचित भाषा में से कोई एक भाषा से प्रश्न पूछे जाऐंगे। **नोटः–उक्त विषय में 33 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। उसके उपरांत ही सभी विषयों के प्राप्तांक के आधार पर मेधा सूची तैयार की जायेगी।**	180	180	
कुल		380+ 100 **(अर्हक प्रवृति)**	380+ 100 **(अर्हक प्रवृति)**	

नोटः– पत्र–1 माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप मातृभाषा विषय में प्राप्त अंक मात्र अर्हक (Qualifying) होगा। इस पत्र में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा इस पत्र में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक अर्जित करने के उपरांत ही उनके अन्य पत्रों की जाँच की जायेगी। इसका प्राप्तांक मेघा सूची के निर्माण हेतु नहीं जोड़ा जायेगा।

पाठ्यक्रम :–

क) पत्र–1 के अन्तर्गत माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप मातृभाषा, झारखण्ड अधिविद्य परिषद् द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम के आधार पर प्रश्न पूछे जायेंगे।

ख) पत्र–2 का पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–XIII** पर धारित है।

ग) पत्र–3 का पाठ्यक्रम इण्डटरमीडिएट प्रशिक्षित शिक्षक के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के समरूप होगा, किन्तु प्रश्नों की कठिनाई का स्तर स्नातक स्तरीय होगा।

घ) पत्र–4 का पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–XIV** पर धारित है।

ड़) पत्र–4 के अन्तर्गत भाषा विषयों का पाठ्यक्रम **परिशिष्ट–XIII** के अनुरूप होगा।

19. मुख्य परीक्षा के आधार पर मेधा सूची का निर्माण :

(i) माध्यमिक परीक्षा के अनुरूप मातृभाषा विषय में प्राप्त अंक मात्र अर्हक (Qualifying) होगा। इस पत्र में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थियों द्वारा इस पत्र में न्यूनतम 30 प्रतिशत अंक अर्जित करने के उपरांत ही उनके अन्य पत्रों की जाँच की जायेगी। इसका प्राप्तांक मेघा सूची के निर्माण हेतु नहीं जोड़ा जायेगा।

(ii) प्राप्त मेधा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के शैक्षणिक/ प्रशैक्षणिक/ जाति प्रमाण/स्थानीय प्रमाण/अनुभव प्रमाण पत्रों इत्यादि अन्य प्रमाण पत्रों की जाँच की जायेगी।

